प्रेस नोट संख्या- 80
दिनांक 29.03.2024
सराहनीय कार्य अमेठी
थाना मुंशीगंज पुलिस व स्वाट टीम द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिल, रुपये 5000/- नकद के साथ 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार ।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में दिनांक 29.03.2024 को तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उ0नि0 सुरेश कुमार थाना मुंशीगंज मय हमराह व हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम अमेठी मय हमराह द्वारा एक स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार 03 अभियुक्तों 1.अंकुश सिंह उर्फ आशीष सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी नेवादा किशुनगढ़ थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष, 2.अंकुर सिंह उर्फ शुभम सिंह पुत्र विन्ध्याबक्श सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष व 3.सौरभ सिंह उर्फ देवांशू सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी ग्राम लंगड़ी अलीगंज थाना बन्धुआ कला जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 21 वर्ष को मुसाफिरखाना रोड ग्राम हरिहरपुर मोड़ के पास से समय करीब 11:05 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। गाड़ी के कागज मांगने पर दिखा न सके। तलाशी से अभियुक्त अंकुर सिंह के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस .315 बोर व रुपये 5000/- बरामद हुए। अभियुक्त सौरभ के कब्जे से 01 तमंचा व 04 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह गाड़ी चोरी की है जिसे हम लोगों ने अपने एक अन्य साथी सत्यम सिंह पुत्र विन्ध्याबक्श सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर दिल्ली से चोरी किया था। हम लोगों का एक गैंग है जिसका लीडर सत्यम सिंह है। हम सभी चारों लोग मिलकर इसी स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल चोरी, घरों में चोरी व राहगीरों से लूट करते हैं व विरोध करने पर तमंचा दिखाकर डरा देते हैं। पकड़े जाने के डर से चोरी/लूट की घटना करते समय मोटरसाइकिल का नम्बर प्लेट बदल देते हैं। हम लोगों ने तीन अन्य मोटरसाइकिल दीवानी गेट सुल्तानपुर से हीरो होण्डा स्प्लेन्डर प्रो, कस्बा अमेठी से हीरो होण्डा सीडी डीलक्स चोरी किया था व एक मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्प्लेन्ड़र प्लस सत्यम सिंह कहीं से चोरी करके लाया था। तीनों मोटर साइकिलें हम लोगों ने चन्दौकी के पास झाड़ियों में छिपा कर रखा है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की तीनों मोटरसाइकिलें चन्दौकी के पास झाड़ियों से बरामद हुई। अभियुक्त अंकुर सिंह के पास से बरामद रुपये 5000/- के संबंध में पूछने पर अंकुर सिंह ने बताया कि मैं अपने भाई सत्यम सिंह उर्फ अखिलेश सिंह के साथ मिलकर दिनांक 03.02.2024 को ग्राम चंदौकी के एक घर से गहने चोरी करके रुपये 52000/- में बेच दिया था और रुपये को हम दोनों नें आपस में बांट लिया था। बरामद रुपये उसी चोरी के गहने की बिक्री के हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. अंकुश सिंह उर्फ आशीष सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी नेवादा किशुनगढ़ थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।
2. अंकुर सिंह उर्फ शुभम सिंह पुत्र विन्ध्याबक्श सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष।
3. सौरभ सिंह उर्फ देवांशू सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी ग्राम लंगड़ी अलीगंज थाना बन्धुआ कला जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी-

1. स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल डीलएल 11 पीबी 0629 (बदली हुई नम्बर प्लेट)
2. स्प्लेन्डर प्रो मोटरसाइकिल यूपी 44 जेड 8535
3. हीरो होन्डा सीडी डीलक्स बिना नम्बर प्लेट
4. हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट
5. चोरी के गहने बिक्री के 5000/- रुपये

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही -

1. मु0अ0सं0 25/24 धारा 380,411 भादवि थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 73/24 धारा 379, 411, 413, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

थाना मुंशीगंज-

1.उ0नि0 सुरेश कुमार, 2.उ0नि0 महेन्द्र सरोज, 3.हे0का0 अरविन्द सिंह यादव, 4.का0 अजीत सिंह, 5.का0 अनिल यादव।

स्वाट टीम अमेठी-

1.हे0का0 आलोक सिंह, 2.हे0का0 मतलूब अहमद, 3.का0 मनीष कुमार।

गिरफ्तार अभियुक्त अंकुर सिंह उर्फ शुभम सिंह का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 36/24 धारा 323,427,452,504,506 भादवि थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 247/23 धारा 379,411 भादवि थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर।
3. मु0अ0सं0 05/20 धारा 147,148,149,323,427,504,506 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।